
# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने बरसाना में 12 साल से फरार मोस्ट वांटेड पकड़ा

## राधा रानी मंदिर में दर्शन करने आया था, टीम ने बाहर ही घेरकर दबोचा

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने अपहरण-डकैती के मामले में जिला कोटा ग्रामीण के कैथून में 12 साल से वांछित आरोपी को यूपी के बरसाना में राधा रानी के मंदिर के बाहर से घेराबंदी कर दबोच लिया। आरोपी पर एसपी कोटा ग्रामीण द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एजीटीएफ विद्या प्रकाश के नेतृत्व में एएसआई शैलेंद्र कुमार, हैड कांस्टेबल मदनलाल व कांस्टेबल बृजेश कुमार की एक टीम भरतपुर की ओर भेजी गई थी। टीम को सूचना मिली कि कोटा ग्रामीण के कैथून में 12 साल से वांछित आरोपी मुरारी लाल पुत्र रामजीलाल निवासी पलसो थाना गोवर्धन जिला मथुरा बरसाना क्षेत्र में फरारी काट रहा है। वह रविवार को राधा रानी मंदिर आएगा।


आरोपी मुरारी लाल।

इस सूचना पर एजीटीएफ की टीम ने एसएचओ कामां मनीष शर्मा एवं साइबर सेल प्रभारी कोटा ग्रामीण एएसआई भूपेंद्र सिंह की मदद से बरसाना स्थित राधा रानी मंदिर के बाहर घेराबंदी कर आरोपी मुरारी लाल शर्मा को डिटेन कर लिया। जिसे थाना कामां लाकर साइबर सेल प्रभारी एएसआई भूपेंद्र सिंह की टीम को सुपर्द कर दिया गया। एमएन ने बताया कि 18 अक्टूबर 2012 को खुशालीपुरा थाना कनवास निवासी किसान बाबूलाल गुर्जर अपने गांव से भामाशाह मंडी कोटा में धनिया बेचने आया था। वापसी में एक ड्रम में डीजल भरवाकर अपने ट्रैक्टर से लौट रहा था पीछे से आई एक जाइलो गाड़ी में बैठे व्यक्तियों ने उसे रुकवाया और एक्सीडेंट करके आना कह जबरदस्ती अपनी गाड़ी में बैठा कर अगवा कर लिया। उनमें से दो लड़के किसान का ट्रैक्टर लेकर कोटा की ओर चले गए। बाकी बदमाशों ने रास्ते में किसान से मारपीट कर उसका मोबाइल और पास में रखे 10 हजार 500 रुपए छीन लिए और रावतभाटा के पास जावरा गांव के एक स्कूल के खंभे से बांधकर फरार हो गए।

- आरोपी अपहरण-डकैती के मामले में वांछित था
- कोटा ग्रामीण से 25 हजार का इनामी है बदमाश

मामले में कैथून पुलिस द्वारा घटना के छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है। लूट के ट्रैक्टर का खरीददार मुरारी लाल शर्मा घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। जिसकी तलाश में स्थानीय पुलिस द्वारा कई बार संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। लंबे समय बाद भी पुलिस के हाथ नहीं लगने पर माह अप्रैल 2024 को एसपी कोटा ग्रामीण द्वारा इस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया। यह गिरोह कई बार इस प्रकार की वारदातें कर चुका है।

आरोपी के बारे में सूचना संकलन एवं इसकी गिरफ्तारी तक की संपूर्ण कार्रवाई में एजीटीएफ के एएसआई शैलेंद्र कुमार एवं कांस्टेबल बृजेश कुमार की विशेष भूमिका तथा हैड कांस्टेबल मदनलाल की तकनीकी भूमिका रही।

## पटवारी और ग्राम प्रतिहारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** एसीबी ने जयपुर जिले की बस्सी तहसील में एक पटवारी और उसके ग्राम प्रतिहारी को 45 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने कृषि भूमि का सीमाज्ञान कार्य करने की एवज में यह रिश्वत मांगी गई थी।

ब्यूरो के डीजी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी जयपुर ग्रामीण इकाई को एक शिकायत मिली थी कि कृषि भूमि का सीमाज्ञान कार्य करने की एवज में बस्सी तहसील के बराला पटवार हल्का की पटवारी रीना सोयल 45 हजार रुपये की रिश्वत मांग रही है। उसके पास खजूरियान ब्राह्मणान हल्का का चार्ज भी है। वह यह रिश्वत उसके ग्राम प्रतिहारी रोडूमल के माध्यम से मांग रही है।

इस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक कालूराम रावत के सुपरविजन में एसीबी जयपुर ग्रामीण इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील सिहाग के नेतृत्व में उप अधीक्षक पुलिस नीरज भारद्वाज और उनकी टीम ने ट्रेप कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी पटवारी रीना सोयल और ग्राम प्रतिहारी रोडूमल को परिवादी से 45 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।

# आरयू संविधान स्तंभ की गलतियों को सुधारने के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति गठित

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में नवनिर्मित संविधान पार्क में संविधान स्तंभ पर चित्रों के जरिए नागरिकों के अधिकार, कर्तव्य और मूल सिद्धांतों को समझाया गया, लेकिन इनमें संविधान के भाग 3 और भाग 17 को दर्शाते हुए गलतियां कर दी गई। इसके विरोध में रविवार से ही छात्रों ने विरोध दर्ज कराना शुरू किया। वहीं, सोमवार के एबीवीपी के छात्रों ने कहा कि संविधान का ये अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे में उन्होंने कुलपति सहित संविधान पार्क निर्माण कमेटी में जो-जो लोग शामिल थे उन सभी के इस्तीफा की मांग की।

हालांकि, अब संविधान स्तम्भ में की गई गलतियों को दुरुस्त करने और गलतियों का कारण जानने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक उच्च स्तरीय समिति का भी गठन किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने ये भी स्पष्ट किया है कि इस संविधान पार्क के निर्माण में विश्वविद्यालय गम्भीर रहा है और इसके निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं, विशेष रूप से संविधान के विभिन्न प्रावधानों से जुड़ी मूल भाषा को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने राजस्थान विश्वविद्यालय के ही विधि संकाय से जुड़े विधि विशेषज्ञों की समय-समय पर तीन समितियों का भी गठन किया था।

- मामले को लेकर छात्रों का विरोध प्रदर्शन जारी

इन समितियों को विशेष रूप से संविधान पार्क में हमारे संविधान से जुड़े विभिन्न प्रावधानों का मूल स्वरूप एवं मूल भाषा की अनुरूपता को सुनिश्चित करने सम्बन्धी विशेष दायित्व दिया गया था। बावजूद इसके जो गलती हुई है, उसकी जांच की जाएगी। इस पर छात्र नेता शुभम रेवाड़ ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन जिस गंभीरता से गलती सुधारने की कोशिश कर रहा है, उसी गंभीरता से संविधान पार्क के निर्माण में काम किया जाता तो शायद भारत के महान संविधान को लेकर अशुद्धि और गलतियों को लेकर हो-हल्ला नहीं होता।

इधर एनएसयूआई की ओर से गलत संविधान को लेकर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया गया है। एनएसयूआई के छात्र नेता अभिषेक चौधरी ने स्तंभ पार्क के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कल से धरना प्रदर्शन दिया जा रहा है। आज पूरी रात एनएसयूआई के छात्र नेता धरने पर बैठे रहे। एनएसयूआई का कहना है कि तब तक वह धरने से नहीं उठेंगे, जब तक कुलपति या अन्य जिम्मेदार अधिकारी देश से माफी नहीं मांगेंगे।

चौधरी ने आरोप लगाया कि वह रातभर से धरने पर है। ऐसे में यूनिवर्सिटी के अधिकारियों की ओर से धरने से उठाने के प्रयास किए जा रहे है। उन्हें जबरन धमकी देकर उठाने के लिए दबाव बनाया गया है। लेकिन वह अपनी मांगों पर अडिग है। यूनिवर्सिटी में इस मामले में रातभर बवाल चला। जिसके चलते मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। एनएसयूआई का कहना है कि यह गलती कैसे हुई, इसके बारे में अधिकारियों को स्पष्टीकरण देना होगा। वही राज्यपाल से उद्घाटन कराने की इतनी जल्दबाजी क्यों की, पहले गलती पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया।

## जगतपुरा के केपिटल मॉल में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

**जयपुर।** मिलावट को रोकने के लिए शुरू किए गए विशेष अभियान के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया के नेतृत्व में सोमवार को खाद्य सुरक्षा दल द्वारा जगतपुरा स्थित केपिटल मॉल में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान मैसर्स तंदूरवाला में कार्रवाई के दौरान भारी अनियमितता पाई गई।

यहां स्टाफ की मेडिकल रिपोर्ट, पानी व पेस्ट कंट्रोल की रिपोर्ट व साफ सफाई नहीं पाई गई। लाइसेंस भी नहीं पाया गया। साथ ही वेज नॉनवेज एक ही स्थान पर रखे मिले। यहां गंदगी की भरमार मिली। इसके अलावा यहां पर कार्य करने वाले वर्कर भी बिना ग्लव्ज व टोपी के खाना बनाते पाए गए। यहां से पनीर का नमूना लेकर फ़ूड सेक्योरिटी एक्ट-2006 की धारा 32 के अंतर्गत नोटिस दिए जाने की कार्यवाही की गई।

- मैसर्स तंदूरवाला में कार्रवाई के दौरान मिली भारी अनियमितता।

इसी प्रकार मॉल के अन्य अधिकांश प्रतिष्ठानों में भी लाइसेंस डिस्प्ले नहीं मिला। ये सभी लाइसेंस कैटेगरी की दुकानें हैं जबकि उनके पास खाद्य रजिस्ट्रेशन पाया गया। अत: उन्हें लाइसेंस बनाने के लिए पाबंद किया गया। इन सभी फर्मों में अधिकांशत: पर गंदगी पाई गई। साथ ही स्टाफ की मेडिकल रिपोर्ट, पानी व पेस्ट कंट्रोल की रिपोर्ट भी नहीं मिली। इनको खाद्य अनुज्ञा पत्र डिस्पले करने के लिए मौके पर निर्देशित किया गया।

# 'सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि एक साथ खाते में हस्तांतरित हो'

**जयपुर, (कासं)।** मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में सोमवार को शासन सचिवालय में झुंझुनूं जिला मुख्यालय में 27 जून को आयोजित होने वाले सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का लाभार्थियों के खाते में सीधा हस्तांतरण कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में उन्होंने बताया कि सभी जिला स्तर पर ये कार्यक्रम आयोजित हों जिसमे लाभाथियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि एक साथ सीधे उनके खाते में हस्तांतरित हो सके। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का एक साथ सीधा हस्तांतरण लाभार्थियों के खाते में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 88.44 लाख लाभार्थियों के खाते में 1038.55 करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के जरिए सीधा पैसा भेजा जाएगा। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री से संवाद के लिए महिलाएं, वृद्ध,ग्रामीण एवं शहरी पेंशनर्स जैसी श्रेणियां बनाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर एलइडी लगाए जाने के साथ सोशल मीडिया द्वारा वेबकास्टिंग की जाए।


**मुख्य सचिव सुधांश पंत ने शासन सचिवालय में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का लाभार्थियों के खाते में सीधा हस्तांतरण कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।**

उन्होंने झुंझुनू कलक्टर को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए तैयारी पूर्ण हो एवं लोगों के बैठने की व्यवस्था के साथ ही पेयजल की भी व्यवस्था हो। पंत ने सभी जिला कलेक्टर एवं कोऑपरेटिव विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह पीएम किसान सम्मान निधि योजना के नोडल अधिकारियों के साथ कोऑर्डिनेट करें और यह कार्यक्रम भी व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाये।

इसमें करीब 65 लाख किसानों के खाते में करीब 650 करोड़ रूपये डीबीटी से ट्रांसफर किये जायेंगे। बैठक में एसीएस कुलदीप रांका, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, एसीएस अभय कुमार, पंचायती राज विभाग सहित कई जिलों के कलेक्टर्स भी वीसी के माध्यम से बैठक में जुड़े।


**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की एवं राजस्थान के विकास से जुड़े कई विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।**

# श्वान इंसान का हाथ मुंह में लेकर घूमता नजर आया

**जयपुर।** राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में रविवार देर रात को एक श्वान इंसान के हाथ को अपने मुंह में लेकर घूमता नजर आया। असल में अस्पताल के गार्ड ने श्वान को मुंह में इंसानी हाथ लेकर घूमते देखा। उसके बाद गार्ड ने तुरंत मामले की जानकारी अस्पताल प्रशासन को दी, जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि 18 जून को थानागाजी में एक युवक का हाथ थ्रेसर में फंसने से कट गया था। उसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया, जहां से उसे जयपुर रेफर कर दिया गया।

- सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर परिसर की घटना

मरीज के परिजन पहले मरीज को एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए थे, लेकिन वहां से उसे एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मरीज के परिजन मरीज का कटा हुआ हाथ लेकर आए थे, लेकिन समय अधिक हो जाने के कारण हाथ को प्रत्यारोपित नहीं किया जा सका। उसके बाद परिजनों ने कटे हाथ को अस्पताल के बाहर डस्टबिन में डाल दिया था।

एसएमएस थाना के इंचार्ज सुधीर उपाधाय ने बताया कि देर रात सूचना मिलने के बाद 5 जवानों की टीम गठित की गई, जिन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। वहीं, 10 घंटे की कड़ी मश्क्कत के बाद हाथ का राज खुला। दरअसल, अस्पताल में एक गार्ड रूटीन चेकअप के दौरान बाहर की ओर गश्त लगा रहा था। तभी उसने देखा कि एक आवारा श्वान मुंह में कोई वस्तु लेकर सड़कों पर घूम रहा है। करीब जाकर देखा तो वो वस्तु कोई और नहीं, बल्कि इंसान का हाथ था। इस दृश्य को देखकर गार्ड घबरा गया और उसने तुरंत पुलिस को कॉल कर घटना की सूचना दी।

## सोना तस्करी मामले में गिरफ्तार आरोपी की जमानत

**जयपुर** । अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट अपराध ने राजधानी जयपुर के सांगानेरी एयरपोर्ट पर 60 लाख रूपये से अधिक की सोना तस्करी मामले में गिरफ्तार आरोपी को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिये हैं। अदालत ने आरोपी को दो लाख रूपये का मुचलका और एक-एक लाख रूपये दो सक्षम जमानतें न्यायलय में पेश करने के आदेश दिये हैं।अदालत ने आरोपी को न्यायलय की अनुमति बिना भारत देश नहीं छोड़ने के लिए भी पाबंद किया है। गौरतलब है कि आरोपी मोहम्मद रजाक खा को सारजहां से भारत सोने की तस्करी मामले में गिरफ्तार किया गया था।

# विदेशी महिलाओं से अश्लील हरकत करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** राजधानी में विदेशी महिलाओं को छूकर अश्लील शब्दों का इस्तेमाल करने और अभद्र भाषा बोलने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी इसी मामले में 2 महीने पहले भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में छोड़ दिया गया था।

दरअसल, 23 जून को आरोपी की हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। इसके बाद युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी विनोद मीणा (18) पुत्र बद्रीनारायण मीणा इसी तरह से महिला पर्यटकों को अश्लील तरीके से छूकर परेशान करता है।

- जयपुर में दुकानों से सामान खरीदने का दबाव डालता
- आरोपी कमेंट की रील बनाता

पर्यटकों पर खुद की निर्धारित दुकानों से सामान खरीदने का दबाव डालता है। पुलिस ने छेड़छाड़ और आईटी एक्ट के साथ ही राजस्थान पर्यटन व्यवसाय एक्ट के तहत आरोपी के खिलाफ दर्ज की है।

पुलिस ने बताया कि जमवारामगढ़ के भावपुरा गांव में रहने वाले आरोपी विनोद मीणा को अरेस्ट किया गया है। 11 अप्रैल को आरोपी विनोद मीणा ने आमेर घूमने आई विदेशी महिला पर्यटकों का वीडियो बनाया था। वीडियो में युवक ने विदेश महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी की थी। इसके बाद वीडियो की रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी थी।

पुलिस ने बताया कि वीडियो के बारे में 6 मई को पुलिस को पता चला। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर आरोपी विनोद मीणा को पकड लिया था। उसने माफी मांगने के साथ ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट से वीडियो डिलीट कर दिया था। पुलिस ने 12वीं क्लास का स्टूडेंट होने के कारण उसे शांतिभंग में गिरफ्तार किया था।

## धोली देवी के हृदय प्रत्यारोपण के सफल 2 साल

**जयपुर।** सवाई मानसिंह अस्पताल के हृदय शल्य चिकित्सा विभाग में सफल हृदय प्रत्यारोपण के दो वर्ष पूर्ण होने पर आज कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव देवगढ़ा ने बताया कि अस्पताल में अब तक 5 ट्रांसप्लांट हुए। धोली देवी पहला सरवाइवर है जो दो साल से बिल्कुल स्वस्थ हैं। धौली देवी ने बताया कि उन्हें साल 2019 में हार्ट संबंधी परेशानी हुई थी और जब एसएमएस में दिखाया तो पता चला कि मेरा हार्ट खराब हो गया है और उसे बदलने की जरूरत है। इसके बाद 2022 में मेरा हार्ट ट्रांसप्लांट किया गया। धौली देवी ने बताया कि वर्तमान में वह घर के सभी काम सामान्य तौर पर करती है।

# राज्यपाल मिश्र ने नए जिलों में भी रेडक्रॉस सोसायटी गठन के निर्देश दिए

## राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में रेडक्रॉस सोसायटी की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

**जयपुर, (कासं)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि राज्य में विद्यार्थियों को निशुल्क एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण की पहल होगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वय से प्रदेश में इसे क्रियान्वित किया जाएगा।

राज्यपाल मिश्र ने सोमवार को राजभवन में रेडक्रॉस सोसायटी की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि इस संबंध में शीघ्र कार्य प्रारंभ होगा। इसके लिए हर जिले से चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 10 मास्टर ट्रेनर्स की व्यवस्था की जाएगी। राज्यपाल ने बैठक में राज्य के 33 जिलों के अलावा नए 17 जिलों में रेडक्रॉस सोसायटी गठन के लिए प्रभावी कार्य किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में 31 जुलाई तक आवश्यक रूप से कार्यवाही कर ली जाए। उन्होंने जिलों में वृक्षारोपण के लिए भी रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सक्रिय भूमिका निभाने और लगाए जाने वाले पौधों के संरक्षण के लिए भी कार्य किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने रेडक्रॉस के जरिए अंगदान और देहदान के लिए लोगों को प्रेरित करने, चिकित्सा उपकरणों में



**राज्यपाल कलराज मिश्र ने रेडक्रॉस सोसायटी की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित किया।**

सहयोग के लिए जन सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अंगदान के लिए आम जन को जागरूक करने के लिए विद्यालय स्तर पर कार्यवाही हो। इस पर बताया गया कि विद्यालयी पाठ्यक्रम में इसे शामिल करने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जल्द विद्यार्थियों के लिए इसे लागू किया जाएगा।

राज्यपाल मिश्र ने बैठक में टीबी मुक्त राजस्थान के लिए किए जाने वाले कार्यों में रेडक्रॉस की भागीदारी की भी समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि इस संबंध में अधिकाधिक निक्षय मित्र बनाने और आम जन की भागीदारी से कार्य किया जा रहा हैं। बैठक में राज्यपाल ने राजस्थान को एनीमिया मुक्त किए जाने के लिए भी प्रभावी कार्य किए जाने के निर्देश दिए। इस पर बताया गया कि राजस्थान और विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में एनीमिया बीमारी से मुक्त करने की पहल की जा रही है। राज्यपाल ने जनजातीय क्षेत्रों में एनीमिया रोगियों के बारे में नियमित जानकारी लेकर उनके लिए विशेष रूप से कार्य किए जाने पर जोर दिया। बैठक में राज्यपाल ने सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता और स्क्रीनिंग के लिए किए जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मानव कल्याणकारी कार्यों के साथ चिकित्सा और सेवा कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाइ जाए। रेडक्रॉस सदस्यों की संख्या में वृद्धि कर इससे जुड़ी गतिविधियों का विस्तार किया जाए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार सार्वजनिक सहभागिता से राज्य में मानव कल्याण के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के सुधारने के लिए निरंतर प्रभावी प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा स्वच्छता अभियान के साथ पौधा रोपण, रक्तदान, अंगदान और देहदान के लिए रेडक्रॉस के साथ मिलकर अधिकाधिक कार्य किए जाएंगे। इससे पहले इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान शाखा के चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला ने रेडक्रॉस सोसायटी की राज्य शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। सचिव विजय खत्री ने प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी। परिवहन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक जितेन्द्र सोनी, माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक बृजमोहन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के रवि प्रकाश ने भी विचार रखे।

- राज्य में विद्यार्थियों को निशुल्क एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण की पहल होगी।

राज्यपाल कलराज मिश्र और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की राजस्थान शाखा की वेबसाइट का लोकार्पण किया। इसमें राजस्थान में रेडक्रॉस द्वारा किए जा रहे कार्यों के साथ ही इससे जुड़ने वाले सदस्यों और भामाशाहों द्वारा दिए जाने वाले दान की ऑनलाइन व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई है।

# आर.एम.एस.सी. की प्रबंध निदेशक ने सांगानेर सीएचसी का निरीक्षण किया

**जयपुर, (कासं)।** प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर निरीक्षण का दौर लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार को राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने सांगानेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा एवं जांच योजना के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया।

गिरि ने निरीक्षण के दौरान दवाओं के कार्टन खुले में रखे होने पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएस दायमा को वस्तुस्थिति से अवगत कराने तथा संबंधित अधिकारी या कार्मिक की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संकल्पि भाव के साथ मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना का संचालन कर रही है। ऐसे में दवाओं का भण्डारण एवं दवाओं की उपलब्धता में किसी तरह की लापरवाही नहीं हो।

- दवाओं का प्रोटोकॉल के अनुसार भण्डारण करने के दिए निर्देश

प्रबंध निदेशक ने फार्मासिस्ट एवं अन्य कार्मिकों से दवाओं की उपलब्धता, मांग एवं आपूर्ति की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दवाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित हो। दवाओं की मांग के लिए रियल टाइम इंडेंट जारी किया जाए। मांग और आपूर्ति में किसी तरह का अंतर नहीं रहे। औषधि भण्डार में नियमानुसार दवाओं का बफर स्टॉक रखा जाए।



**प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने निरीक्षण कर मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा एवं जांच योजना के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया।**

गिरि ने कहा कि भण्डार कक्ष में दवाओं का भण्डारण निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाए। भण्डार कक्ष का तापमान नियामनुसार हो, ताकि दवाओं की गुणवत्ता प्रभावित नहीं हो। उन्होंने कहा कि एक्सपायर हो चुकी दवाओं तथा बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण पूरी प्रक्रिया अपनाते हुए किया जाए। साथ ही, दवाओं का उपयोग इस तरह सुनिश्चित किया जाए कि उनके एक्सापयर होने की स्थिति नहीं आए। उन्होंने सभी दवा वितरण काउंटरों का निरीक्षण करने के दौरान सॉफ्टवेयर के माध्यम से दवाओं की उपलब्धता, इंडेंट जारी करने की स्थिति एवं आपूर्ति के बारे में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

प्रबंध निदेशक ने स्वास्थ्य केंद्र में आपूर्तित जांच मशीनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सोनोग्राफी मशीन, डायलिसिस मशीन तथा अन्य जांच मशीनों का समुचित उपयोग किए जाने के निर्देश दिए। गिरि ने कहा कि मशीनों का नियमित मेंटीनेंस सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, मानव संसाधन के संबंध में उच्च स्तर पर अवगत कराएं ताकि जांच मशीनों का सदुपयोग हो और मरीजों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

गिरि ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं के भण्डारण के लिए स्थान एवं संसाधनों की उपलब्धता को लेकर अधिकारियों की एक टीम पुन: स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करेगी।